हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

10 नवंबर 2024, समय 1810

- कनाडा सरकार ने स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम कार्यक्रम बंद करने की घोषणा की।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली वाहन सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कहा कि प्रदूषण कम करने में विद्युत वाहन महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव कनीपला में लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने
- का आहवान किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए युवा पीढ़ी को महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि गत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं, गरीबों, किसानों, मज़दूरों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाये हैं।

*********************************************************************

कनाडा सरकार ने स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम- एस.डी.एस. कार्यक्रम को बंद करने की घोषणा की है। कनाडा सरकार के इस फैसले से भारत के साथ-साथ दुनियाभर के छात्र प्रभावित होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि देश में चल रही आवास और संसाधनों की कमी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। यह कार्यक्रम कनाडा में पढ़ाई के लिए आने वाले 14 देशों के छात्रों की आवेदन प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए तैयार किया गया था। इन देशों में भारत, ब्राज़ील, चीन, कोलंबिया, कोस्टामरिका, मोरक्को, पाकिस्तान, पेरु, फिलीपींस और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं।

*****************************************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में विद्युत वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने वाहन सेवा कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियाँ, निर्माण कार्य और परिवहन, मुख्य तौर पर प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत वाहन, प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत वाहन सेवा कार्यक्रम एक नेक पहल है।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र की लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव कनीपला में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिले में तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछले डेढ़ महीने में देश भर में बी.जे.पी के 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बने हैं। उन्होंने जिला कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक घर जा कर लोगों को बी जे पी के सदस्य बनने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने गाँव कनीपला को 33 किलो वोल्ट का पावर हाउस और 21 लाख रुपए की अनुदान राशि भी दी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त किया था, अब कांग्रेस ने फिर से उसे बहाल करने का समर्थन किया है। श्री नायब सिंह ने कहा कि काँग्रेस एक तरफ तो देश जोड़ों यात्रा निकालती है वहीं दूसरी ओर देश को तोड़ने वालों के साथ खड़ी हैं।

***************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने नारनौल जिला नागरिक अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने का कड़ा संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विहग के महानिदेशक को वहाँ 8 महिला चिकित्सकों को बारी बारी 14-14 दिनों के लिए ड्यूटी पर भेजने के आदेश दिए हैं। आदेशों की अनुपालना करते हुए महानिदेशक ने नागरिक अस्पताल गुड़गांव से डॉ. मीनाक्षी, सुमन, रश्मि, सुषमा,साल्कि और डॉ. पूनम को नारनौल के नागरिक अस्पताल में ड्यूटी करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार, पटौदी के उपमंडल नागरिक अस्पताल से डॉ. योगेश्वरी और डॉ. ज्योति को भी नारनौल के नागरिक अस्पताल में ड्यूटी के लिए लगाया गया है।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने के लिए युवा पीढ़ी को महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री आज महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जयंती वर्ष पर हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल में आयोजित आर्य महासम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्य समाज ने धर्म, समाज और राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में आर्य समाज की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री

ने कहा कि आर्य समाज के प्रगतिशील विचारों को आज फिर उसी संकल्प, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की जरूरत है।

***************************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री  कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं, गरीबों, किसानों, मजदूरों, और महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। अगर भारत को एक विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाना है तो बी.जे.पी संगठन को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। श्री गुर्जर आज भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय सघन सदस्यता अभियान के तहत  अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में  भारतीय जनता पार्टी का साथ दें। श्री गुर्जर ने बताया कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के दोनों जिलों फरीदाबाद और पलवल में कुल 5 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अपने रेफरल लिंक और QR कोड साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी  विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसके संगठन को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

***************************************************************************

आज देश भर में राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्मदिवस को स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में मनाया गया। दिल्ली केंद्र के माध्यम से जिला स्तर पर 500 स्वावलम्बी केन्द्रों को इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया और अन्य देशों में भी 12 स्थानों पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण  देखा गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुधीर कुमार ने कार्यक्रम में विशेष रूप से दत्तोपंत ठेंगड़ी की विकास यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग प्रमुख डॉ दुलीचंद ने  बताया कि उनकी विचारधारा सबके लिए थी। उन्होंने मजदूर और  किसान वर्ग के लिए काम किया  और बाद में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने राष्ट्र भाव से एक दूसरे से जुड़ना सिखाया और सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी।

***************************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकतर जगहों पर पीने के पानी की जांच करवाई जा रही है, सिरसा में अधिकतर स्थानों पर पानी पीने योग्य नहीं पाया गया। उन्होंने दावा किया ही कि लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि स्थानीय विधायक गोकुल सेतिया भी करीब दूषित पेयजल की करीब 375 शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंप चुके है, पर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की कमी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा में दूषित जल से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि इन दिनों डेंगू के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन कई जिलों में अभी तक फॉगिंग तक नहीं की गई है।

***************************************************************************